Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up Gramin haat bazaar in Maharajganj Parliamentary Constituency, Bihar. - laid

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज): माननीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री जी का ध्यान मैं अपने संसदीय क्षेत्र महाराजगंज लोक सभा, बिहार की ओर दिलाना चाहता हूँ। मेरे लोक सभा क्षेत्र महाराजगंज की बनावट ऐसी है कि इसका अधिकांश भाग ग्रामीण क्षेत्रों एवं आंशिक भाग अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में है। ग्रामीण क्षेत्र की आबादी पूर्णतया कृषि आधारित अर्थव्यवस्था पर निर्भर है। ऐसे में किसान अपने उत्पादित अन्न और सब्जी तथा अन्य प्रकार के कृषि उत्पाद का उत्पादन कर अपना जीवन-यापन करते हैं। इस परिस्थिति में ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के उत्पादित माल को उचित मूल्य पर बिक्री करने के लिए बाजार का घोर अभाव है। इसलिए हमारे क्षेत्र के किसानों को अपने उत्पाद को औने-पौने दामों में बेचने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को उत्पादों को उचित मूल्य पर खरीद बिक्री करने के लिए ही विगत वर्षों में भारत सरकार के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने एक महत्वाकांक्षी योजना, ग्रामीण हाट योजना का शुभारंभ किया था जिससे कि किसानों की आय को दोगुनी करने में सरकार सफल हो सके। इस योजना के तहत जून 2019 तक 22000 (बाइस हजार) ग्रामीण हाट को विस्तारित करने का लक्ष्य था ।

भारत सरकार के माननीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री जी से मेरा आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के सारण जिला के तरैया, इसुआपुर, पानापुर, मशरक, बनियापुर, जलालपुर, मॉझी, दाऊदपुर, एकमा, लहलादपुर (जनता बाजार), रसुलपुर तथा सिवान जिला के महाराजगंज, गोरियाकोठी, बसंतपुर, लकड़ीनवीगंज एवं भगवानपुर हाट के क्षेत्रों में ग्रामीण हाट योजना के तहत ग्रामीण हाटों को खुलवाया जाये जिससे कि

किसान अपने उत्पादन को उचित मूल्य पर खरी बिक्री कर लाभ कमाकर अपनी आय को दुगुना करने की दिशा में आगे बढ़ सकें। ऐसा हम लोगों की सरकार का भी उद्देश्य है।